प्रेषक

निदेशक,
आयुर्वेदिक सेवायें,
उ0 प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

1— समस्त प्रधानाचार्य/अधीक्षक,
राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, उ0 प्र0।

2— अधीक्षक,
राज0आयुर्वेदिक औषधि निर्माणशाला,
लखनऊ/पीलीभीत।

3—समस्त क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

**संख्या—** 551 /एच/ए/30/2009/अधि0 **दिनांक—** 12-12-25

**विषय— रिट याचिका संख्या— 68291/2009 धनराज बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक—12.09.2018 के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या—569 रिट/96—आयुष—1—2025—डब्लू—177/2013 आयुष अनुभाग—1 लखनऊ, दिनांक—10.12.2025 के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि रिट याचिका सख्या—68291/2009 धनराज बनाम उ0 प्र0 राज्य व अन्य मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद में विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में शासन द्वारा चाही गयी सूचना के दृष्टिगत आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने क्षेत्रान्तर्गत अंशकालिक स्वच्छकों के मानदेय एवं उनकी निरन्तरता के संबंध में निम्न बिन्दुओं की सूचना संकलित करवाकर निदेशालय के ई—मेल ( **ayurvedicdirectorate1995@gmail.com** ) पर आज ही प्रेषित करना सुनिश्चित करें :—

1— आपके अधीनस्थ कार्यालय/डिस्पेंसरियों में अंशकालिक स्वच्छकों को रूपयें 25/—प्रतिमाह किस शासनादेश के तहत दिया गया है।

2— आपके अधीनस्थ कार्यालय/डिस्पेंसरियों में अंशकालिक स्वच्छकों के कितने—कितने पद किन—किन शासनादेशों द्वारा स्वीकृत किये गये है।

3— वर्तमान में आपके अधीनस्थ कार्यालय/डिस्पेंसरियों में अंशकालिक स्वच्छक बिना पद स्वीकृति एवं बिना किसी शासकीय आदेश के कार्य कर रहे है।

4— वर्तमान में अंशकालिक स्वच्छक को प्रतिमाह कितना मानदेय किस मद से दिया जा रहा है।

5— आपके अधीनस्थ कार्यालय/डिस्पेंसरियों में कार्यरत अंशकालिक स्वच्छकों को दिये जा रहे पारिश्रमिक का तुलनात्मक अध्ययन अन्य विभागों में दिये जा रहे पारिश्रमिक एवं संगत शासनादेशों में निहित व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में करने हेतु सूचना।

6— आपके अधीनस्थ कार्यालय/डिस्पेंसरियों में अंशकालिक स्वच्छकों द्वारा मा0 अधिकरण/मा0 श्रम न्यायालय/मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद/खण्डपीठ लखनऊ में योजित/प्रकियाधीन याचिकाओं की संख्या जिन पर निर्णय लिया जाना है।

संलग्नक—उक्तवत।

भवदीय

(डा0 नारायण दास)
उप निदेशक

**संख्या—** /एच/ए/30/2009/अधि0 **दिनांक—**

**प्रतिलिपिः**—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. विशेष सचिव, आयुष अनुभाग—1, उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।
2. महानिदेशक, आयुष विभाग, उ0 प्र0 लखनऊ।
3. क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, प्रयागराज/नोडल अधिकारी, मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद।

(डा0 नारायण दास)
उप निदेशक।

AnyScanner